## खबर संक्षेप

### विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 9 मई को

**शहडोल।** उपायुक्त राजस्व ने जानकारी दी है कि कमिश्नर की उपस्थिति में 09 मई को प्रातः 11 बजे से विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी ।

### कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस राजस्व की समीक्षा बैठक 8 मई को

**शहडोल ।** उपायुक्त राजस्व ने जानकारी दी है कि कमिश्नर की उपस्थिति में 08 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस (राजस्व) की संभागीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित की जाएगी।

### 31 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत 25 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम सिरौंजा में दबिश देकर आरोपी अशोक प्रजापति पिता जयलाल प्रजापति उम्र 34 वर्ष निवासी सिरौंजा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा ब्यौहारी थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ब्यौहारी में दबिश देकर आरोपिया रामलाल पटेल की पत्नी उम्र 32 वर्ष निवासी भोगिया टोला ब्यौहारी के कब्जे से 07 लीटर कच्ची महुआ शराब, देवलोंद थाना क्षेत्रांतर्गत मुखबिर सूचना पर पुलिस ने बुढवा में दबिश देकर आरोपिया शोमनाथ जायसवाल की पत्नी निवासी बुढवा के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब, थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने धनपुरी में दबिश देकर आरोपी शारदा दाहिया पिता राम प्रसाद दाहिया उम्र 45 वर्ष निवासी वार्ड न.12 धनपुरी के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं सोहागपुर थाना क्षेत्रांतर्गत सूचना पर पुलिस ने सोहागपुर में दबिश देकर आरोपी श्याम किशोर चौरसिया पिता भीमसेन चौरसिया उम्र 29 वर्ष निवासी पपोल टोला के कब्जे से 06 लीटर कच्ची महुआ शराब मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### कक्षा 12वीं में नैंसी ने मारी बाजी



**अमलाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई के कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा, कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान छात्र अनुष्का चौरसिया पिता संजय चौरसिया कला संकाय में 80.8 परसेंट जबकि द्वितीय स्थान पर नैंसी रजक पिता किशोरी लाल रजक जीव विज्ञान संचार में 79.8 परसेंट जबकि तृतीय स्थान पर दीपिका तांबे पिता दीपक तांबे कला संकाय में 77.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर अनामिका सोनी पिता अशोक सोनी ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किया, वहीं द्वितीय स्थान पर आशीष कुमार शर्मा पिता विश्वजीत शर्मा ने 72.4 प्रतिशत अंक लिए तीसरे स्थान पर अंजली यादव पिता रंग लाल यादव ने 69.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवारजनों का नाम रोशन किया।

### पुलिस ने राजस्थान से बरामद किया लापता बालिका को

**कटनी।** एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन एवं डॉ. संतोष डेहरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व श्रीमति ख्याति मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर पुलिस द्वारा अपहृता 16 वर्षीय बालिका को 24 घण्टे के अन्दर नान्ता कोटा (राजस्थान) से दस्तयाब कर उसके माता पिता के सुपुर्द कर परिवारजनों के चेहरे पर लाई मुस्कान। पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को पीड़ित निवासी माधवनगर के द्वारा बताया कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने घर से बिना बताये कही चली गई है । पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने तत्काल ही अपराध धारा 363 भादवि का मामला पंजीबद्ध कर लिया।

## राजस्व अमले से साठगांठ कर खड़ी कर रहे इमारत

# सरकारी भूमि हड़पने में लगे अतिक्रमणकारी



**शहडोल।** मेन रोड से लगी सरकारी भूमियां हड़पने की होड़ किस तरह लगी हुई है और उसमें समाज तथा शासन के कैसे कैसे लोग छीना झपटी कर रहे हैं इसका उदाहरण बुढ़ार अंतर्गत बस स्टैण्ड मेन रोड से लगी 25 डिसमिल सरकारी जमीन है। जिस पर संजय पाण्डेय नामक एक वकील दांत गड़ाए बैठा है। जबकि इसकी कब्जेदारी को पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर डॉ. सत्येन्द्र सिंह व एसपी अवधेश गोस्वामी ने जेसीबी से धराशायी कर दिया था। उन दिनो इसका कब्जा खसरा नंबर 1148/2 के अंश भाग10 डिसमिल भूमि पर था, जिसमें करीब आधा दर्जन पक्की दूकानों का निर्माण था। इसी प्रकार खसरा नं. 578 की एक अन्य भूमि में लगभग 8 से 10 दुकानें बनाकर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे जेसीबी के माध्यम से हटवा दिया गया था। इतनी कार्रवाई के बावजूद वकील द्वारा पुनः स्थितियों में थोड़ा परिवर्तन कर कब्जा किया जा रहा है। जिसे देखकर भी वर्तमान प्रशासन मौन है।

### इस तरह हुई थी पूर्व की कार्रवाई

बुढ़ार बस स्टैंड के पहले आराजी नंबर 1148/2 के अंश भाग में लगभग 10 डिसमिल में अतिक्रमण कर 6 दुकानों का अवैध निर्माण किया गया था। इसी प्रकार खसरा नंबर 578 में लगभग 8 से 10 दुकानें बनाकर कब्जा किया गया था। इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई थी और प्रशासन ने पटवारी मौका मुआयना रिपोर्ट मंगाने के बाद कार्रवाई शुरू की थी। तत्कालीन प्रशासन ने कार्रवाई करते हए सभी दुकानों को गिरा दिया था। अभियान के अंतर्गत एक एकड़ में जेसीबी की मदद से संजय पांडेय की बाउंड्री वाल और गेट व कॉम्प्लेक्स तोड़ा गया था।

### अमले से साठगांठ कर खेल रहा खेल

जिस स्थान पर काम्पलेक्स बना है, वह दरअसल नगर परिषद बुढ़ार की भूमि है। उस दौरान अतिक्रमण हटा दिया गया था। संजय पाण्डेय का पूरा कांप्लेक्स तोड़ दिया गया था। लेकिन उस दौरान तो कब्जा खाली हो गया था। बाद में वकील संजय पाण्डेय पुनः सक्रिय हो गया और उसने सबसे पहले तहसील कार्यालय के बाबुओं, आरआई, पटवारियों से लम्बी सेटिंग बनाई साथ ही नगरपरिषद बुढ़ार के राजस्व निरीक्षक को भी सेट कर लिया और अब मनमानी खेल खेल रहा है। राजस्व निरीक्षक कागज दूसरी जगह का दिखाकर, दूसरी जगह निर्माण करा रहा है। संजय पाण्डेय ने अपना निर्माण राजस्व निरीक्षक व तहसील के बाबू के कहने पर थोड़ा पीछे से करवा रहा है। जबकि पहले का निर्माण कुछ आगे से कराया गया था।

### नगर परिषद ने भी की लापरवाही

कहा जाता है कि जब प्रशासन ने संजय पाण्डेय का अतिक्रमण हटा दिया था तब नगरपरिषद को तत्काल वहां अपनी कब्जेदारी दर्शा देनी थी। अपनी बाउण्ड्री बनवाकर या फिर अपना कोई निर्माण करा कर भूमि में कब्जा कर लेना चाहिए था। लेकिन नगरपरिषद ने भी लापरवाही कर भूमि को खाली छोड़ रखा था। जिस पर बार बार कब्जा किया गया। आज भी परिषद की वह भूमि विवाद में पड़ गई है। लगभग 20 डिसमिल मेन रोड की भूमि आज अतिक्रमण की भेंट चढ़ रही है। ज्ञातव्य है कि बस स्टैण्ड जेसे निर्माण के लिए परिषद जमीन का रोना रोती है लेकिन उसके पास जो जमीन है वह उसकी भी सुरक्षा नहीं कर पा रही है।

### ऐसा है वकील का परिचय

अतिक्रमणकारी संजय पाण्डेय के बारे में बताया गया कि वह पेशे से अधिवक्ता अवश्य है लेकिन आपराधिक प्रवृत्ति का है और धोखाधड़ी के मामले में जेल भी जा चुके हैं। उस पर आरोप है कि वह बुढ़ार तहसील क्षेत्र की जमीनों के फर्जी दस्तावेज बनाता है। साथ ही न्यायालय में मामला अटकाकर जमीनों को खुर्द-बुर्द करता है। जेल के पास कई भू-खण्ड है, जिसमें इसके द्वारा अपनी जमीनें बताई जाती है। इसके नाम पर जितनी जमीने हैं, उसका सन् 58-59 का खसरा निकलवाया जाये तो, सारी स्थितियां स्पष्ट हो जाएंगी।

## अवैध रेत उत्खनन करते वन विभाग ने दो ट्रैक्टर को पकड़ा



**उमरिया।** जिले के पाली थाना घुनघुटी पुलिस चौकी अंतर्गत बलबई छपरा घाट नदी से कर रहे अवैध रेत उत्खनन पर मुखबिर की सूचना पर शहडोल वन विभाग की बड़ी कार्यवाही, मुख्य संरक्षक वन वृत शहडोल एल.एल.उइके के निर्देश पर वनमंडल अधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा एवं वन मंडल अधिकारी सोहागपुर बादशाह रावत के कुशल मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को स्थान छपरा घाट बलबई नदी से अवैध उत्खनन कर रेत लोड दो नग ट्रैक्टर एक एमपी 54 ए 8195 ड्राइवर सागर सिंह पिता मुकेश सिंह उम्र 18 वर्ष ग्राम बकेली थाना पाली वाहन मालिक दिनेश जायसवाल पिता माधव प्रसाद जायसवाल उम्र 54 वर्ष ग्राम बकेली थाना पाली जिला उमरिया एवं दूसरा लाल कलर महिंद्रा ड्राइवर पिंटू खान पिता सेहवान खान उम्र 22 वर्ष ग्राम इटौर थाना पाली वाहन मालिक शाहनाज बेगम पति साहबान खान उम्र 45 वर्ष ग्राम इटौर थाना पाली से जप्त किया गया है। वाहन चालक से पूछ जांच की गई, वाहन चालक द्वारा कोई वेध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, अवैध खनन परिवहन पाए जाने पर जप्ती की कार्यवाही, एस.टी.एफ. प्रभारी कमल वर्मा एस.टी.एफ सदस्य जे.पी.मौर्य, शैलेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा किया गया सहयोग हेतु स्थानीय परिक्षेत्र शहडोल राम नरेश विश्वकर्मा, परिक्षेत्र शहडोल स्टाफ बीट गार्ड नरवर राहुल शर्मा, बीट गार्ड को निर्देश कर मौके पर बुलाया गया, जप्त वाहन नरसराहा डिपो शहडोल में खड़ा कराया गया। उक्त कार्यवाही में सेंट एफ.टी.एफ एवं वाहन चालक इजहार खान की सराहनीय एवं उल्लेखनीय भूमिका रही।

# आरपीएफ ने महिला यात्री को सुरक्षित लौटाया बैग

### रमहिला ने रेलवे प्रशासन का किया धन्यवाद

**उमरिया।** यात्रियों के सुरक्षित और भयमुक्त यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा के साथ ही साथ यात्रियों की हर संभव सहायता भी रेलवे सुरक्षा बल द्वारा किया जा रहा है।

रेलवे सुरक्षा बल उमरिया चौकी को गाड़ी संख्या 15231 बरौनी गोंदिया एक्सप्रेस के कोच नंबर एस 03 में महिला यात्री विभा सिंह का एक काले कलर का बैग छूटने की सूचना आरपीएफ सुरक्षा नियंत्रण कक्ष से मिलने पर उमरिया स्टेशन ड्यूटी में तैनात आरक्षक एस.पी.शुक्ला द्वारा गाड़ी के उमरिया प्लेटफार्म में समय 08:30 बजे आने पर एस 03 कोच को अटेंड किया गया तथा बर्थ नंबर 40 में सफर कर रहे अन्य यात्री द्वारा पूछताछ के दौरान बताए अनुसार बैग उतारा गया तथा महिला यात्री को सूचित किया गया।

उक्त महिला यात्री के उमरिया चौकी में उपस्थित होने पर महिला यात्री के बताए अनुसार बैग एवं उसमें रखे सामानों की जानकारी के अनुसार बैग के अंदर एक रियलमी मोबाइल, एक जोड़ी सोने के कंगन, एक नग हार, अंगूठी एवं 1040 रुपये कुल कीमत 450000 (साढ़े चार लाख रुपये) सही सलामत महिला को सुपुर्द किया गया। जिस पर महिला ने रेलवे प्रशासन का धन्यवाद किया गया।

# राशि किसी की, आवास कहीं और बन गया

## पुराने आवास में रहने को विवश वृद्ध बेवा

**उमरिया।** बिरसिंहपुर पाली नगरीय निकाय की लापरवाही का एक मामला विगत कुछ महीनों से चर्चा का विषय बना हुआ है। एक व्यक्ति के नाम प्रधानमंत्री आवास योजना स्वीकृत हुई लेकिन उसके निधन के बाद कार्रवाई का पता नहीं चला। जानकारी मिली कि राशि आहरित की जाती रही है जबकि मृतक की वृद्ध बेवा के हाथ कुछ नहीं लगा वह आज भी अपने पुराने आवास में रह रही है। बताया गया कि श्रीमती शांति सिंह निवासी वार्ड नंबर-1 आज भी अपने पुराने कच्चे आवास में रहने को विवश हैं। जबकि इस आवास को पक्का बनवाने के लिए उनके पति गयादीन सिंह प्रयास कर रहे थे। लेकिन बीच में उनकी मृत्यु हो गई और मामला कुछ दिन तक खटाई में पड़ा रहा। इसके बाद जानकारों ने बताया कि इस रकम से कहीं और घर बन रहा है।



**दूसरे परिवार ने उठाया लाभ**

जानकारी मिली कि गयादीन सिंह ने दो विवाह किए थे। उन्होने पहली पत्नी से अनबन हो जाने के कारण शांति सिंह से विवाह कर दूसरी गृहस्थी बसा ली थी और वार्ड नंबर एक में रहने लगे थे। यहीं उन्होने अपना पक्का आवास बनवाने के लिए योजना का लाभ लिया था। लेकिन जब उनकी मृत्यु हो गई तो पहली पत्नी और उसके बेटे दावेदार बनकर स्वीकृत योजना को अपने हित में कर लिया और रकम अपने उपयोग में लेकर अपना निवास पर पक्का मकान बनवा लिया। शांति सिंह आज भी बदहाल जीवन बिता रही है।

**नहीं हुई आवास की जांच पड़ताल**

कुछ लोगों का कहना है कि इस गतिविधि में यह जांच पड़ताल की जानी आवश्यक है कि गयादीन सिंह ने योजना पत्रक में पत्नी का नाम क्या लिखाया था। अगर पत्नी का नाम शांति सिंह नगरीयनिकाय के रिकार्ड में दर्ज है तो फिर लाभ उसकी पहली पत्नी के बच्चों ने कैसे उठा लिया। यहीं पर धांधली समझ में आ सकती है। लेकिन उस असहाय बेवा की ओर से इतना करने वाला कोई नहीं है। पहली पत्नी ने गयादीन सिंह की मौत का लाभ उठाया जो कि धोखाधड़ी की श्रेणी में आता है। इसकी जांच पड़ताल होनी चाहिए।

# संभाग के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में तत्काल सुधार कार्य कराएं : कमिश्नर

### ब्लैक स्पॉट्स में साईन बोर्ड, रेडियम चिन्ह, प्रकाश व्यवस्था करने के कमिश्नर ने दिए निर्देश



**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शहडोल संभाग के सभी दुर्घटना संभावित स्थानों में सुधार किया जाए, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स में निर्माण एजेन्सियों के अधिकारी साईन बोर्ड लगवाने, रोड मार्किंग करने, प्रकाश व्यवस्था करनें की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि संभाग के सभी चिन्हित दुर्घटना संभावित स्थानों में निर्माण विभाग दुर्घटना रोकने के लिए जो भी कार्यवाहियां करना है वह शीघ्र करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शहडोल जिले के पतखई घाट, सोहागपुर थाने के पास स्थित फ्लाई ओवर, धुरवार टोल प्लाजा, रीवा रोड में ग्राम निपनिया स्टेट हाईवे, उमरिया जिले में मदारी ढावा के पास, साखी बैरियर के पास चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स में सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुधार कार्य किया जाए और रोड मार्किंग, प्रकाश व्यवस्था एवं बोर्ड लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचए के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे शहडोल संभाग के दुर्घटना संभावित स्थानों का पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करें तथा दुर्घटना रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट्स में क्या सुधार किया जा सकता है इसकी कार्य योजना बनाकर कार्यवाहियां करें। कमिश्नर बी.एस. जामोद ने उक्त निर्देश कमिश्नर कार्यालय शहडोल में आयोजित संभाग स्तरीय सडक सुरक्षा समिति के बैठक में अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचए के अधिकारियों को निर्दश दिए कि वे शहडोल संभाग के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स में दुर्घटना रोकने के लिए जो भी कार्यवाहियां की गई हैं इसके फोटोग्राफ्स मुझे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। बैठक में कमिश्नर ने संभाग के सभी परिवहन अधिकारियो को निर्देश दिए है कि वे स्कूल बसों एवं सवारी बसों की सघन जांच करें तथा देखें कि बसे निर्धारित मापदंडो के अनुरूप हैं अथवा नहीं। जो बसे निर्धारित मापदंडों के अनुरूप नहीं हो ऐसे बसों के लायसेन्स रद्द करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आम लोगों को यातायात नियमों के विषय में जानकारी देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाए, लोगो को यातायातन नियमो के बारे में जानकारी दें। लोगों को सीटबेल्ट लगाना, हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित भी करें। कमिश्नर ने यह भी निर्देश दिए कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के विरूद्ध सख्त कार्यवाही भी सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वाहन दुर्घटनाओं को कैसे रोक सकते हैं सड़कों का निर्माण करते समय इस पर विशेष ध्यान दें। बैठक में एडीजीपी शहडोल जोन श्री डीसी सागर ने कहा कि वाहन दुर्घटना को रोकने के लिए जनमानस को यातायात नियमों की जानकारी भी देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि शहडोल संभाग के सभी चिकित्सालयो में दुर्घटना पीडितों को प्राथमिकता के साथ उपचार मुहैया होना चाहिए। दुर्घटना पीडितो को चिकित्सालयों में तत्काल उपचार मिलना चहिए यह भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होनें सुझाव दिया कि आम लोगो को यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए शहडोल संभाग के प्रमुख स्थानो में प्रदर्शन बोर्ड भी लगाए जाएं ताकि यातायात नियमों की जानकारी आम नागरिकों को हो सके। बैठक में एडीजीपी ने कहा कि गुड सेमेरिटन योजना को आम लोगों तक पहुंचाया जाए। उन्होनें यह भी निर्देश दिए कि शहडोल संभाग के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए इनकी जानकारी आम लोगों तक पहुचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संभाग में सडक दुर्घटनाओं का रोकने के लिए डीआईजी सविता सोहाने, कलेक्टर शहडोल तरूण भटनागर, कलेक्टर अनूपपुर आशीष वशिष्ट, कलेक्टर उमरिया धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेन्द्र सिंह पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमरिया प्रतिपाल सिंह महोबिया ने भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, उपायुक्त राजस्व श्रीमती निमिषा पाण्डेय, उपस्थित रहे।

# बेटे को बचाने पिता ने रची साजिश

## फर्जी दस्तावेज न्यायालय में किया पेश

**शहडोल।** अपहरण के आरोप में जेल मे बंद अपने आरोपी पुत्र को बचाने, पिता ने जो साजिश रची उसमें वह खुद ही फंस गया। जिसके बाद पिता के खिलाफ जालसाजी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार जिले के केशवाही चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरतर निवासी एक नाबालिग लड़की के अपहरण की शिकायत परिजनों द्वारा बीते माह फरवरी में दर्ज कराई गयी थी। जांच उपरान्त पुलिस द्वारा नाबालिग को दस्तायाब करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर बुढ़ार न्यायालय में पेश किया था, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया था। आरोपी युवक मूलतः उत्तर प्रदेश के फारुखाबाद जिले का रहने वाला है। जो सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग के संपर्क में आया और फिर उसका अपहरण कर अपने साथ ले गया था।

### पिता ने रची साजिश

पुत्र के जेल जाने के बाद आरोपी युवक के पिता पन्ना लाल सिंह कठोरिया पिता राम सिंह 50 वर्ष नजला मुकुट थाना कायम गंज जिला फारुखाबाद ने आरोपी के नाम की उत्तर प्रदेश से ही एक मार्कशीट, आधार कार्ड समेत कुछ अन्य जाली दास्तावेज तैयार कराकर बुढ़ार न्यायालय में अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कराए। जिसके अनुसार आरोपी को नाबालिग बताते हुए उसे जमानत देने की अपील की गयी। जिस पर न्यायालय द्वारा संदेह प्रतीत होने पर संबंधित केशवाही चौकी पुलिस को आरोपी के पिता द्वारा प्रस्तुत उक्त दास्तावेजो की जांच करने का निर्देश दिया गया। जिसके बाद यहाँ से विवेचनाधिकारी उत्तर प्रदेश के संबंधित जिले के उक्त गाँव में जाकर जांच पड़ताल की गयी तो पता चला कि यह सारे दास्तावेज फर्जी हैं। जिस स्कूल की मार्कशीट प्रस्तुत की गयी थीं, वहाँ आरोपी का नाम ही दर्ज नही था। साथ ही आधार कार्ड में भी गलत जन्म तिथि अंकित कराना पाया गया। जिन दास्तावेजो के आधार पर आरोपी युवक को पिता नाबालिग बताते हुए जमानत मांग रहा था, वह सभी फर्जी निकले। जिस पर पुलिस द्वारा जांच उपरान्त न्यायालय को वास्तविकता बताते हुए आरोपी पिता के खिलाफ धारा 420,467,468,471 के तहत मामला दर्ज कर लिया हैं। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार करने यहाँ से उत्तर प्रदेश टीम जाएगी।

### नवीन बाजपेई ने किया विद्यालय का नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा ।** ग्राम पचपेड़ी उमरियापान निवासी शैलेश अंजना बाजपेई के सुपुत्र नवीन वाजपेई ने कक्षा आठवीं में 86% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । नवीन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय उमरियापान के छात्र हैं इनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य, शिक्षक,परिजन एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।


मो. 9179120008, 6268591037

पैथालॉजी मेडिकल

साांई हॉस्पिटल

नार्मल-सिजेरियन डिलेवरी, जनरल सर्जरी, आर्थराइटिस, प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ सहित विशेषज्ञ डॉक्टर्स द्वारा समस्त प्रकार के रोगों का उपचार एवं परामर्श

24/7 Emergency Services

श्रीवास्तव मोड़, अमलाई रोड बकहो, जिला-शहडोल

## खबर संक्षेप

### 6 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 24 अप्ैरल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 06 चालानों में 2.600 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### कलेक्टर्स कान्फ्रेंस राजस्व की संभागीय समीक्षा बैठक 8 को

**उमरिया ।** आयुक्त की अध्यक्षता में 08 मई को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर्स कान्फ्रेंस राजस्व की संभागीय समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गई है। बैठक में जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए है।

### विशिष्ट संस्थाओं के कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा 28 को

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि विशिष्ट संस्थाओ के कक्षा 6 वीं की प्रवेश परीक्षा 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। संभागीय उपायुक्त कार्यालय से प्रश्नत पत्र, उत्तर पुस्तिका प्राप्त करना परीक्षा पूर्ण पश्चात केन्द्रों से प्राप्त कर निर्धारित स्थल पर जमा करना, सभी केन्द्राध्यक्षों को नियमों से अवगत कराना एवं संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कराये जाने हेतु राणा प्रताप सिंह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाली को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स की बैठक 29 को

**उमरिया।** खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम, नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। जिले मे खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम नियंत्रण हेतु बैठक 29 अप्रैल को समय सीमा की बैठक पश्चात दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मे आयोजित की गई है। बैठक मे सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### सट्टा पर्ची काटते युवक धराया

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 24 अप्ैरल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बनियान टोला, बुढ़ार के पास में एक व्यक्ति सट्टा पर्ची के माध्यम से लोगों को पैसे की हार जीत के दाव लगवा रहा है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त सूचना में बताए गए स्थान में दबिश देकर आरोपी आकाश सोनी पिता प्रदीप सोनी उम्र 26 वर्ष निवासी बनियान टोला बुढ़ार को सट्टा-पर्ची काटते हुए पकड़ा गया, जिसके कब्जे तलाशी लेने पर से सट्टा पर्ची, पेन एवं नगदी 250 रुपये जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरूद्ध सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### घर से सामान लेने दुकान गई बहन नहीं आई वापस, शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत निगवानी निवासी रोहित कुमार नामदेव ने 26 अप्रैल को थाने में शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 19 वर्षीय बहन 25 अप्रैल को दोपहर में घर से सामान लेने के लिए दुकान जाने को कह कर निकली थी लेकिन काफी समय तक जब वह वापस नहीं आई। अब उसकी पता तलाश शुरू किया गया उसकी सहेलियों एवं रिश्तेदारों से पता किया गया लेकिन उसकी कहानी पता नहीं चल पा रहा है। अपने साथ मोबाइल भी रखी है लेकिन उसका फोन बंद बता रहा है। शिकायत पर पुलिस ने गुम इंसान काम करते हुए विवेचना में लिया।

## बजट का हो रहा दुरुपयोग, सत्यापन व मूल्यांकन का पता नहीं

# एक साल में भी पूरा नहीं हुआ बाउण्ड्रीवाल का निर्माण

**शहडोल।** जयसिंहनगर जनपद की ग्रामपंचायतों में विकास की गति बढ़ रही हो या नहीं लेकिन भ्रष्टाचार उसी रफ्तार से चल रहा है। यहां हर स्तर पर भ्रष्टाचार व्याप्त है, योजनाओं पर स्वीकृत राशियों का फर्जी बिलो से आहरण, फर्जी वेण्डर संस्थाएं यहां का शगल बन चुका है।





जनपद सीईओ मॉनीटरिंग करने और आपत्तियां लगाने की बजाय उन्ही की पंगत में बैठकर मलाई छान रहे हैं। यही वजह है कि एक तो शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होती और अगर जांच पड़ताल हो भी जाए तो आरोपों की पुष्टि के बाद भी कार्रवाई नहीं होती। ग्रामपंचायत कतिरा का एक भ्रष्टाचार काफी समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। लगभग 11 लाख 75 हजार रुपए बजट की एक बाउण्ड्री एक साल पहले स्वीकृत हुई थी जो आज तक अधूरी पड़ी है और रकम आहरित हो रही है। इस निर्माण कार्य की भी शिकायत हुई है लेकिन आज तक जांच पड़ताल शुरू नहीं हो सकी।

### यह है निर्माण की हालत

बताते हैं कि ग्रामपंचायत कतिरा में 11 लाख 75 हजार की लागत से जून 2023 में एक बाउण्ड्रीवाल स्वीकृत हुई थी। इसकी तकनीकी स्वीकृति 24 अप्रैल 2023 को हुई थी। इस कार्य की हालत यह है कि आज तक यह अपूर्ण है। इस कार्य में 9 लाख 98 हजार रुपए व्यय होने थे और मजदूरी पर 1 लाख 76 हजार रुपए व्यय होने थे। लेकिन निर्माण में न तो प्रावधान और मानकों के अनुसार निर्माण कार्य हुआ और न गाइडलाइन के अनुसार रकम व्यय की गई। उक्त निर्माण में अब तक लगभग 7 लाख 50 हजार रूपये निर्माण सामग्री पर व्यय हो चुके हैं लेकिन मजदूरी पर अब तक व्यय नहीं किया गया है। सचिव द्वारा यह कार्य ठेके पर कराया जा रहा है। सचिव के पास निर्माण सामग्री व्यय का उचित व्यौरा भी उपलब्ध नहीं है। उसके माध्यम से चहेती वेण्डर संस्थाओं से सामग्री लेकर भुगतान किया जाता रहा है।



### मनरेगा का पालन नहीं

शासन का प्रावधान है कि पंचायत के प्रत्येक कार्य मनरेगा से कराए जाएंगे और मजदूरों की मजदूरी की व्यवस्था की जाएगी। लेकिन सचिव ने इस प्रावधान का सरासर उल्लंघन करते हुए निर्माण कार्य कराया है। इस कार्य को ठेके पर दिया गया है और ठेकेदार के लेबर काम कर रहे हैं। गुणवत्ता मानको का पालन नहीं किया जा रहा है। घटिया दर्जे का मटेरियल लगवाया जा रहा है। जबकि उसका दाम अधिक वसूला जा रहा है। सीईओ द्वारा न जांच पड़ताल की जा रही है और न कार्य पर आपत्ति लगाई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार बाउण्ड्रीवाल का काम काफी घटिया दर्जे का है। बाउण्ड्रीवाल अधिक समय तक नहीं टिक सकेगी।

### न मूल्यांकन, न सत्यापन

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस निर्माण कार्य में एक बार भी उपयंत्री को मौका मुआयना करते नहीं देखा गया है। न कार्य का मौके पर सत्यापन होता है न उपयंत्री उसका मूल्यांकन करते हैं। काम घटिया दर्जे का हो रहा है या नहीं काम में मानक विन्दुओं का पालन किया गया है या नहीं यह देखने की फुर्सत यहां के उपयंत्री को नहीं है। सचिव जैसा जो कुछ बता देता है उपयंत्री वही करता है और सारे कागज उसी के अनुरूप बन जाते हैं। कमरे के अंदर मूल्यांकन हो जाता है और रकम निकल जाती है। सब मिलकर बंदरबांट कर लेते हैं, बाउण्ड्रीवाल के निर्माण में अब तक यही हो रहा है। पूरी बाउण्ड्री कब तक बनकर तैयार होगी पता नहीं। सचिव व उपयंत्री पर नकेल कसने वाला कोई नहीं है।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अपर मुख्य सचिव ने सीईओ को दी शुभकामनाएं

**उमरिया।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 मे दर्ज शिकायतों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मार्च 2024 में संतुष्टि वेटेज 51.9 प्रतिशत एवं 80.7 प्रतिशत कुल वेटेज प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करते हुए प्रदेश स्तर पर 17वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों-कर्मचारियो को बधाई एवं शुभाकामनाएं प्रेषित की है एवं कहा है कि भविष्य में भी इसी संपूर्ण निष्ठा तथा समर्पण भावना से आम जन की सेवा निष्पादन में सीएम हेल्पलाइन मे प्राप्त शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराते रहेंगे।

### अपर मुख्य सचिव ने सीईओ मानपुर को दी शुभकामनाएं

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 मे दर्ज शिकायतों के निराकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मानपुर राजेन्द्र त्रिपाठी द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए माह मार्च 2024 में संतुष्टि वेटेज 53.8 प्रतिशत एवं 85.5 प्रतिशत कुल वेटेज प्राप्त कर ए ग्रेड प्राप्त करते हुए प्रदेश स्तर पर अच्छा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभाकामनाएं प्रेषित की है।

## अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की खरीदी

**उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर पंजीकृत किसानों से गेहूं उपार्जन के लिये उमरिया जिले में आदिम जाति/सेवा सहकारी समितिया के कुल 26 गेहूं उपार्जन केन्द्र एवं स्व-सहायता समूह के माध्यम से 8 उपार्जन केन्द्र कुल 34 गेहूं उपार्जन केन्द्र जिले में बनाये गये है । गेहूं उपार्जन का कार्य माह मार्च 2024 से प्रारंभ हो गया है जो 15 मई तक चलेगा ।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य प्रारंभ

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 मे गेहूं विक्रय के लिए इच्छुक 14509 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन किया गया है जिसमें से 609 किसानो द्वारा गेहूं विक्रय के लिए स्लाट की बुकिंग की जा चुकी है। अब तक 48 किसानों द्वारा 2143.50 क्विटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है।

शासन के निर्देशानुसार जिले में कृषको की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए गेहूं उपार्जन कार्य सप्ताह में 07 दिवस उपार्जन अवधि तक पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए गए है । रबी विपणन मौसम 2024-25 के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता एफएक्यू के गेहूं का उपार्जन किया जाना है, जिसके लिये शासन द्वारा समर्थन मूल्य मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों को राशि रूपये 2400 प्रति क्विंटल (समर्थन मूल्य रूपये 2275$ बोनस रू.125) का भुगतान किया जाना निर्धारित किया गया है।

### 15 मई तक अपनी उपज गेहूं की स्लॉट बुकिंग

जिले के गेहूं विक्रय के इच्छुक सभी किसानो से अपेक्षा की गई हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित करने हेतु शासन की नियत अवधि 15 मई तक अपनी उपज गेहू स्लॉट बुकिंग कर नजदीकी गेहूं उपार्जन केन्द्र पर विक्रय कर शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकते है।

# गाइडलाइन के अनुरूप नहीं बनी कालोनियां, दाम काफी अधिक



### गैरलायसेंसी कालोनाइजर जुटे व्यवसाय में, अफ़सर निश्चिंत

शहडोल। जिले में अवैध प्लाटिंग व कालोनाइजिंग की होड़ लगी हुई है। चारो तरफ कालोनियां बन रहीं हैं। अब तक ऐसी कई कालोनियां यहां खड़ी की जा चुकीं हैं। इनके आवास भी बिक जाते हैं। लेकिन कालोनी के निर्माण और आवासों की गुणवत्ता की जाच पड़ताल नहीं होती। आवासों की दीवारों व छतों में साल दो साल में ही दरार पड़ जाती है। गैर लायसेंसी कालोनाइजरों की भीड़ बढ़ती जा रही है लेकिन प्रशासन न तो इनकी खोज खबर लेता न इन पर कभी कोई कार्रवाई होती है। यही कारण है कि इनके हौसले बुलंद रहते हैं और कालोनियां खड़ी कर दी जाती हैं। और तो और ग्रामपंचायत क्षेत्रों में भी कालोनियां बनाने की होड़ लग गई है। लेकिन आज तक प्रशासनिक अधिकारियों ने उसकी वैधानिकता की जांच नहीं की है। जबकि कालोनी बनाने वाले ने कई मामलों में नियमों का उल्लंघन किया है। अब तो कई कालोनियां ग्रामीण क्षेत्रों में खड़ी की जा रहीं हैं जिनका लाभ ग्रामपंचायतों को मिलना चाहिए लेकिन ग्राम पंचायतें भी उसके लाभ से वंचित हैं।

### कर्मकार मण्डल को शुल्क नहीं

किसी भी बड़े निर्माण कार्य से पूर्व नियमतः सन्निर्माण कर्मकार मण्डल को सूचित कर वहां शुल्क जमा करना पड़ता है। ताकि अगर निर्माण के दौरान घटना हो तो प्रभावितों की मदद की जा सके। लेकिन एप्पल सिटी के निर्माण के दौरान कर्मकार मण्डल को कोई शुल्क जमा नहीं किया गया है। यह एक गंभीर लापरवाही है। अगर जांच हो तो इसमें कालोनाइजर के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई भी हो सकती है। ऐसा नहीं है कि कालोनाइजर इन बातों को जानते नहीं है वे जानबूझ कर प्रावधानों का उल्लंघन करते हैं।

**न विकास शुल्क न एनओसी**

ग्रामपंचायत को कालोनाइजर ने विकास शुल्क का भुगतान नहीं किया है। बिना विकास शुल्क का भुगतान किए ग्राम पंचायत क्षेत्र में निर्माण कराना प्रावधान उल्लंघन के दायरे में आता है। कालोनाइजर ने इसका भी पालन करना और विकास शुल्क करना जरूरी नही समझा है। मुख्य बात यह है कि कालोनाइजर ने ग्राम पंचायत से अनुमति लेना और उसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी ही नहीं समझा। इसीलिए उसके पास ग्रामपंचायत से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं मिला है। बिना पंचायत की एनओसी के ही निर्माण कार्य कराया गया है। कालोनी का निर्माण आज भी पंचायत के लिए आपत्तिजनक हो सकता है।

**लाखों रुपए की क्षति**

कालोनाइजर ने कर्मकार मण्डल व ग्रामपंचायतों के शुल्क दबाकर शासन को लाखों रुपए का चूना लगाया है। इसी तरह उसने कई अन्य व्यय भी नहीं किए हैं। कालोनी का निर्माण कराया लेकिन कालोनाइजिंग का लाइसेंस नहीं है। नियमविरुद्ध ढंग से कालोनी का निर्माण कराया गया है। यही नहीं शहर में और भी कई कालोनाइजर पनप रहे हैं जो केवल कालोनी बनवाकर मुनाफा कमा रहे हैं लेकिन उनके पास वैधानिक अधिकार नहीं है। सब केवल चोरी कर रहे हैं।

**मानक के अनुरूप सुविधा नहीं**

कालोनी का निर्माण तो कराया गया लेकिन मानक के अनुरूप सुविधाएं नहीं दी गईं। पार्क का निर्माण, मनोरंजन के लिए मंच, पर्याप्त पक्की नालियों का निर्माण, पर्याप्त चौड़ाई वाली सडकों का निर्माण आदि कार्य अपूर्ण प्रतीत होते हैं। कालोनी की अगर सभी विन्दुओं पर जांच हो तो यह अवैध ही मानी जाएगी। लेकिन हैरानी तो इस बात की है कि यह प्रशासन को दिखाई नहीं पड़ रही है। केवल ग्रामपंचायत स्तर पर ही इसे लेकर कुछ हलचल सी दिखाई पड़ रही है।

## तेजी से फल-फूल रहा अवैध प्लाटिंग का कारोबार

**कोतमा।** नगर सहित गांवों की कीमती जमीनों पर इन दिनों प्रॉपर्टी डीलर्स की नजर गड़ी हुई है। नगर में इन दिनों अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। लोग खुद के आशियाने की उम्मीद में नियमों की अनदेखी कर जमीन खरीद रहे हैं। अवैध प्लाटिंग के मसले पर प्रशासन की ओर से ठोस कार्यवाही न किये जाने के कारण दलाल लोगों की जीवन भर की कमाई को खुले आम लूट रहे हैं। हरे भरे खेतों में तैयार हो रहा सीमेंट क्रांक्रीट का जंगल नगर की आबादी दिनो दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोग अब खुद के आशियाने के लिए जमीन की खाक छान रहे हैं। प्रॉपर्टी डीलर्स इसका नाजायज फायदा उठाते हुए पहले तो गांव सहित शहर की जमीन की ओने पोने दाम पर खरीद फरोख्त करते हैं। इसके बाद किसानों से खरीदी गई कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग की जाती है और उसे बेच दिया जाता है। मोटी कमाई के के लिए दलाल सारे नियम कायदों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। नगर में जमीन की खरीदी बिक्री हर दिन हो रही है।

### कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग

नगर के बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 के किनारे इन दिनों कृषि भूमि को अवैध प्लाटिंग कर बेजा जा रहा है। पिछले कई वर्ष से यह सिलसिला जारी है। नगर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों से कृषि भूमि खरीदी जाती है और बाद में प्रॉपर्टी डीलर्स इसे प्लाटिंग कर बेच देते हैं। जबकि प्लाटिंग और कॉलोनी संबंधी कार्य के लिए कॉलोनाइजर के पास प्लाटिंग की खरीदी बिक्री का लाइसेंस होना अनिवार्य होता हे। ग्रामीण इलाकों के किसानों की कृषि भूमि को ज्यादा पैसे देकर खरीद ली जाती है। भूमि की खरीदी के बाद अवैध प्लाटिंग किया जाता है और उसे बेचा जाता है। औने-पौने दाम में खरीदे गए भूमि को कॉलोनी बनाए जाने के नाम पर बड़ी कीमत में बेचा जाता है।नियमों को ताक पर रखते हुए नगर पालिका क्षेत्र में मुख्य मार्ग के अलावा नए एनएच बायपास के दोनों तरफ नई कालोनियां लगातार विकसित हो रही है। अवैध प्लाटिंग का धंधा जोर-शोर से चल रहा है। प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते भू माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि ताल तलैया में भी आशियाने बसाऐ जा रहे हैं। नगर के अनेक तालाब तलैया भू माफिया की भेंट चढ़ गए। जिसका खामियाजा नगर वासियों को गंभीर जल संकट के दौर से गुजर कर चुकाना पड़ रहा है इसके बावजूद भी लगातार ताल तलैया को जमींदोज करने का कार्य बदस्तूर जारी है।

### कमीशन के खेल में बढ़ रहे जमीन के दाम

नगर के जमीन के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण दलालों के जरिए जमीन की खरीदी बिक्री होना है। यदि जमीन के लिए सीधे मालिक व ग्राहक के बीच सौदा होता है तो कमीशन का खेल ही नहीं हो पाएगा। ऐसे में जमीन सस्ते दाम में उपलब्ध हो सकेगी। शहरी क्षेत्र में ऐसे कई कालोनाईजर्स की भरमार है जो पैसे के बलबूते पर औने-पौने दामों में जमीन खरीदी कर अवैध प्लाटिंग कर उसमें मकान बनाकर बेच देते हैं। बावजूद इसके जमीन के इस गोरखधंधे को बंद कराने में प्रशासन ने अब तक कोई सख्त कदम नहीं उठाया है।

### लाखों रुपए का राजस्व चोरी

अवैध प्लाटिंग के जरिए हर वर्ष लाखों रुपए की राजस्व चोरी की जाती है। अवैध प्लाटिंग के जरिए कृषि भूमि को रहवासी क्षेत्र के लिए बेच दिया जाता है। वर्तमान में चल रहे अवैध प्लाटिंग करने वाले अब समूहों में कार्य करने लग गए हैं, जिससे राजस्व को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। पिछले वर्ष नगर पालिका राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में सड़क के किनारे अवैध पार्टी को धराशाई कर दिया था, लेकिन एक बार फिर से अवैध प्लाटिंग का कार्य भू माफियाओं के द्वारा धड़ल्ले से शुरू कर दिया गया है । खुलेआम बाउंड्री का निर्माण किया जा रहा है ।

**हुई शिकायत**

नगर के निवासी मंगल दीन प्रजापति ने थाना प्रभारी को लिखित शिकायत करते ही बताएं कि मेरे खसरा नंबर 901 /1/1/1 रकवा 10 डिसमिल मेरे निजी स्वामित्व की भूमि पेट्रोल पंप के सामने है जिसमें एक दबंग पार्षद के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर गड्ढा खुदवाते हुए बाउंड्री बाल का निर्माण करवाया गया है। उसने पुलिस से मदद गुहार लगाते हुए न्याय दिलवाये जाने की मांग की है।

### क्या है सरकार का नया प्रावधान

मध्य प्रदेश की डॉक्टर मोहन यादव सरकार ने अवैध निर्माण मामले को काफी गंभीरता से लिया है । उन्होंने इस मामले में कड़े प्रावधान किए हैं जिसके अनुसार संबंध अवैध प्लाटिंग करने वाले भू माफियाओं पर राजका लगाई जाएगी। कार्रवाई सिर्फ यही तक सीमित नहीं रहेगी जिस इलाके में अवैध कॉलोनी बनी है या बनेगी वहां के राजस्व अधिकारियों पर भी सीधे कड़ी कार्रवाई होगी। जानकारी मिली है कि माफिया की पुरानी और नई हैसियत का आकलन किया जाएगा। निर्माण को जमीन



डोज करने का कार्य तो पूर्व से ही शुरू कर दिया गया है इसे भी कड़ाई से लागू किया जाएगा। बताया गया कि भू माफिया की गोपनीय सूची भी तैयार की जाएगी ताकि उन पर कार्यवाही करने में सहूलियत हो सके। नए कानून का मसौदा तैयार किया जा चुका है।

### प्रशासन का अंकुश नहीं

कोतमा क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 सड़क के किनारे कई स्थानों पर चल रही अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन कुछ नहीं लग पा रहा है। सूत्रों से जानकारी यह भी लगी है कि सड़क के किनारे यदि किसी आदिवासी की जमीन है और उसके पीछे सामान्य की जमीन है तो सामान की जमीन की बिक्री करने के बाद आदिवासी से साठ गाठ करते हुए उसे जमीन पर भी कब्जा कर लिया जाता है। ऐसा नहीं है कि राजस्व विभाग को इसकी जानकारी नहीं है। राजस्व विभाग इस पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। यदि सही ढंग से राजस्व विभाग के बड़े अधिकारी इसकी जांच करें तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### माफियाओं को मिल रही छूट

अवैध प्लाटिंग में बड़े पैमाने पर सरकार को बड़ा नुकसान हो रहा है । छोटे प्लाट की रजिस्ट्री में मिलने वाली छूट का पूरा फायदा भू माफिया उठा रहे है। यही स्थिति रही तो आने वाले वर्षों में नगर और आसपास 50 से ज्यादा अवैध कालोनियां विकसित हो जाएगी कई अवैध प्लाटिंग में राजस्व विभाग के अधिकारियों की पार्टनरशिप की भी जानकारी नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है।



## उत्कृष्ट प्रदर्शन कर छात्र-छात्राओं ने बढ़ाया नगर का मान

**चचाई।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई के कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान छात्र अनुष्का चौरसिया पिता संजय चौरसिया कला संकाय में 80.8 परसेंट जबकि द्वितीय स्थान पर नैंसी रजक पिता किशोरी लाल रजक जीव विज्ञान संचार में 79.8 परसेंट जबकि तृतीय स्थान पर दीपिका तांबे पिता दीपक तांबे कला संकाय में 77.4% अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान पर अनामिका सोनी पिता अशोक सोनी ने 76% अंक प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान पर आशीष कुमार शर्मा पिता विश्वजीत शर्मा ने 72.4 प्रतिशत अंक लिए तीसरे स्थान पर अंजली यादव पिता रंग लाल यादव ने 69.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने परिवारजनों का नाम रोशन किया। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चचाई में कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं कक्षा आठवीं व कक्षा पांचवी में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## खबर संक्षेप

### अनिकेत हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक अर्जित कर रहे अव्वल



**बुढ़ार।** हायर सेकंडरी परीक्षा वर्ष 2023,24, बारहवीं में सरस्वती केशव पुरम विधालय के कॉमर्स विषय के छात्र अनिकेत नामदेव पिता पत्रकार आशीष नामदेव के पुत्र बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त कर विघालय का नाम रोशन किया है। अनिकेत की इस सफलता पर विघालय एवं उनके परिजनों ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना की है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन प्रक्रिया का मतदान केन्द्रों में जाकर निरीक्षण किया तथा मतदान दल कर्मियों द्वारा संपन्न कराई जा रही मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जनपद पंचायत कार्यालय में बनाये गये दो मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली तथा मतदान दल कर्मियों से सुचारू मतदान के संबंध में पूंछतांछ की।

### अपर कलेक्टर ने कई मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**रीवा।** रीवा जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 2014 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा लगातार मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया। इस क्रम में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सेमरिया तथा सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर ने सबसे पहले बैकुण्ठपुर में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दल के सदस्यों तथा मतदाताओं से मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद अपर कलेक्टर ने जवा विकासखण्ड के ग्राम बाबा की बरौली में मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील की। इसी क्रम में अपर कलेक्टर ने ग्राम इटौरी, सितलहा तथा जवा के मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया गया। अपर कलेक्टर ने ग्राम अदवा कोठार, पनवार, कोनीकला तथा अन्य मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इन मतदान केन्द्रों में सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संचालित रही। निरीक्षण के समय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मऊगंज विवेक लाल तथा अन्य अधिकारी उनके साथ रहे।
फोटो क्रमांक 12 संलग्न हैं।

### पुलिस ने जिला बदर के बदमास को देशी कट्टा कारतूस लोडेड रंगे हाथ किया गिरफ्तार

**रीवा।** जिले के सामन थाना प्रभारी हितेन्द्रनाथ शर्मा एवं उनकी टीम ने गंभीर वारदात करने की फिराक मे घूम रहे जिला बदर के आरोपी को देशी कट्टा सहित गिरफ्तार किया है । थाना समान पुलिस व्दारा चुनाव ड्यूटी हेतु निगरानी बदमाश जिला बदर एवं अन्य आरोपियो की पता तलास हेतु सी.आर.पी.एफ बल के साथ थाना क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर आशियाना मैरिज गार्डन गुलाब नगर के पास पहुंचे तो एक व्यक्ति देशी कट्टा लेकर दहशत फैला रहा था जो पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकडा गया जिससे उसका नाम पता पूछने पर अपना नाम अमन मिश्रा पिता विजय मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी गुलाब नगर थाना समान जिला रीवा का होना बताया जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा 315 बोर एक जिंदा कारतूस लोडेड मिला जिसके संबंध मे वैध कागजात मागे गये जो कोई कागजात नही होना बताया आरोपी अमन मिश्रा के विरुद्ध जिला दण्डाधिकारी रीवा व्दारा जिला रीवा एवं उससे लगी सीमा जिला सतना की राजस्व सीमाओं से 01 वर्ष की अवधि हेतु निष्कासित किया गया था।
किन्तु आरोपी उपरोक्त द्वारा आदेश का उलंघन करना पाया जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर जे. आर. मे माननीय न्यायालय रीवा मे पेश किया माननीय न्यायालय व्दारा आरोपी का जेल वारंट जारी करने पर आरोपी को केन्द्रीय जेल भेज दिया । वही आरोपी अमन मिश्रा पिता विजय मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी गुलाब नगर थाना समान जिला रीवा आदतन अपराधी है।

सावधान बिना जांचे परखे न खरीदें दही, पनीर

# नगर के दुग्ध डेयरियों में बिक रहा कैमिकल युक्त अमानक दही पनीर, खाद्य विभाग बना मूकदर्शक

**बुढ़ार।** नगर के विभिन्न दुग्ध डेयरियों में बिक रहा है कैमिकल युक्त दूध , दही घी पनीर खाद्य विभाग की दिखावे की जांच पड़ताल से भी कोई असर नहीं पड़ा और नकली पनीर, दही का गोरखधंधा जोरों से चल रहा है।

### कहीं आप भी तो नहीं कर रहे नकली पनीर का सेवन

पहले के समय में लोग अपने घर में कुत्ते-बिल्ली की जगह गाय-भैंस पालते थे. अब लोग शौकिया तौर पर लाखों के कुत्ते घर लाकर पालते हैं।उन्हें महंगे बिस्किट्स खिलाते हैं. उनके लिए कपड़े और गले का पट्टा खरीदते हैं. लेकिन गौ सेवा के नाम पर दूर भागते हैं. ऐसे लोग दूध और पनीर के लिए मार्केट पर निर्भर करने लगे हैं. पहले की तरह अब घर का ताजा दूध, दही घी और पनीर आपको कहां मिलेगा.इसके लिए बाजार में पैकेट के दूध और पनीर अवेलेबल होते हैं.
अगर आपको ऐसा लगता है कि इन दूध और पनीर को खाकर आप अपनी हड्डियां मजबूत कर रहे हैं या फिर इनके सेवन से आपको कैल्शियम और प्रोटीन मिल रह है,जो एक बार जरा ये खबर पढ़ लिजिये. आपको बता दें कि मार्केट में धड़ल्ले से नकली दूध और पनीर बिक रहा है. इनके सेवन से आपकी हड्डियां तो मजबूत नहीं होंगी लेकिन आपको कई तरह की बीमारियां जरूर हो जायेंगी।

### सिंथेटिक दूध से बन रहा जानलेवा पनीर

सोशल मीडिया पर ऐसे कई वीडियो शेयर किये जाते हैं, जिसमें फैक्ट्री में नकली दूध तैयार करते हुए देखा जा सकता है. कुछ लोग अधिक मुनाफे के लालच में सिंथेटिक दूध बनाकर उनकी पैकेजिंग कर मार्केट में असली दूध बताकर बेचते हैं।

### नकली पनीर बेचकर कर रहे करोड़ो का धंधा

इन लोगो को आम जनता के स्वास्थ से कोई मतलब नहीं रखते. इसी नकली दूध व पनीर के सेवन से कैल्शियम की भरपूर मात्रा न मिलने के कारण कई लोगों की हड्डियों में कई तरह की समस्याएं देखने को मिल रही है।आपने कई जगहों पर खुले में पनीर बिकते देखा होगा. लोगों को लगता है कि ये पनीर दूध से फ्रेश तैयार कर बेचा जा रहा है. कुछ दुकानदारों बेहद सस्ते दाम पर इन पनीर को बेचते हैं.आम जनता कम दाम में प्रोटीन खरीदकर खुद को भाग्यशाली समझने लगते हैं. लेकिन वो ये नहीं जानते कि ये प्रोटीन नहीं बल्कि जहर है. इसके सेवन से उनकी हेल्थ अच्छी नहीं, बल्कि और ज्यादा खराब होगी. लोगों को कोशिश करनी चाहिए कि दूध लाएं और घर पर ही उससे पनीर बनाएं. ताकि वाकई में दूध और पनीर के जरिये बॉडी में प्रोटीन और कैल्शियम जाए।




### फूड्स विभाग की नाक के नीचे खप रहा नकली पनीर का व्यापार

सूत्रों की माने तो शहडोल जिले से लालपुर सेमरा से नकली पनीर की सप्लाई शहडोल मार्केट में होता है पर फूड्स विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती जिसका नतीजा लोगो के सेहत पर पड़ रहा हैं, और यह नकली पनीर विक्रेता शादियों के सीजन में यह नकली पनीर से करोड़ो रुपए की कमाई करते हैं, जो हमारी टीम द्वारा इस नकली पनीर का जांच किया गया तो पनीर की असलियत देखकर रूह कांप गया तब समझ में आया कि हम पनीर नहीं पनीर के नाम पर जहर खा रहे हैं हालांकि यह मामला जांच का है, पर कही ना कहीं फूड्स विभाग के सह पर पनीर के नाम पर जहर परोसा जा रहा है।

### इनका कहना

जब इस संबंध में फूड इंस्पेक्टर से संपर्क साधा किया तो उन्होंने फोन नही उठाया

**आर .के .सोनी (खाद्य निरीक्षक)जिला खाद्य विभाग शहडोल**

## विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढार की छात्रा परी जैन रही जिला मेरिट में द्वितीय पर, आगे एमबीबीएस की तैयारी करेंगी



**बुढ़ार।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के घोषित परिणाम में बुढार में संचालित विद्यासागर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा परी जैन ने विज्ञान समूह में जिला मैरिट के अंतर्गत द्वितीय स्थान अर्जित किया। परी जैन प्रारम्भ से ही काफी मेधावी छात्रा रही है एवं इन्होंने कक्षा दसवीं में भी जिला मेरिट में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया था। उनकी इस उपलब्धि पर समस्त विद्यालय परिवार, एवं संचालक सृजनेश जैन, प्राचार्य सुधेश जैन एवं वरिष्ठ शिक्षक गंगाराम शुक्ला,श्रीमती रचना सराफ, प्रेमलाल मिश्रा एवं उनके अध्यापक अमन गुप्ता, कन्हैया दास, सूरज मेहरा, श्रीमती नेहा तिवारी एवं सुप्रिया श्रीवास्तव तथा समस्त अध्यापक वर्ग ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। परी जैन बहुत ही साधारण मान परिवार से संबंध रखती हैं उनके पिता प्रवीण जैन एवं माता वीना जैन है। पिता एक सामान्य से फल विक्रेता है उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें काफी हर्ष हो रहा है एवं उन्होंने बताया कि वे अपनी पुत्री को नेट क्वालीफाई कराकर डॉक्टर बनते देखना चाहते हैं ।

# गोड़हर मतदान केन्द्र में कई दिव्यांगों ने किया मतदान, बीएलओ ने किया सहयोग

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए आज मतदान कराया गया। जिले के अन्य मतदान केन्द्रों की तरह रीवा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 30 शासकीय हाई स्कूल गोड़हर में प्रातः 7 बजे से मतदान आरंभ हुआ। मतदान केन्द्र में सुबह से ही मतदाताओं की कतार लग गई। बुजुर्गों, युवा मतदाताओं तथा महिला मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। निर्वाचन आयोग द्वारा घर से ही डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा देने के बावजूद कई दिव्यांगों ने मतदान केन्द्र जाकर मतदान करना बेहतर समझा। गोड़हर मतदान केन्द्र में भी कई दिव्यांगों ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। दिव्यांगों को कतार से अलग ले जाकर बिना प्रतीक्षा कराए मतदान की सुविधा दी गई। मतदान केन्द्र गोड़हर में तैनात बीएलओ महेन्द्र श्रीवास्तव ने दिव्यांगों को मतदान कराने में पूरी सक्रियता से योगदान दिया। इस मतदान केन्द्र में दिव्यांग मतदाता हरिलाल, प्रमोद कुशवाहा, अनूप तिवारी तथा प्रतीक शुक्ला ने उत्साह से मतदान किया। लोकतंत्र के महायज्ञ में दिव्यांगता के बावजूद दिव्यांग मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ मतदान करके अपना योगदान दिया। उनका उत्साह सामान्य मतदाताओं के लिए भी बहुत प्रेरक है। इस मतदान केन्द्र में 86 वर्षीय जगदीश शुक्ला, 94 वर्षीय सुरेन्द्रमणि त्रिपाठी तथा 88 वर्षीय छोटेलाल ने मताधिकार का उपयोग करके अपना कर्त्तव्य निभाया।

# मतदाताओं को आकर्षक उपहार एवं इनामी कूपन दिया गया



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 रीवा के मतदाताओं को बढ़-चढ़ कर मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिक निगम रीवा एवं व्यापारी संघ के सहयोग से कई मतदाताओं को आर्कषक उपहार प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदान करने वाले 18वें नम्बर के मतदाता, 74 नम्बर के मतदाता, 230 नम्बर के मतदाता एवं 543 नम्बर के मतदाता को इनामी कूपन दिया गया। इस इनामी लकी कूपन में सिनेमा टिकट, ईको पार्क रीवा में फ्री इन्ट्री पास, फ्री स्नैक्स कूपन, वाय वन गेट वन फ्री आफर आदि शामिल है। उल्लेखनीय है कि विशेष उपहार/कूपन देने वाले संस्थानों में प्रमुख रूप से ईको पार्क रीवा की तरफ से फ्री एन्ट्री पास, समदड़िया सिनेमा गोल्ड, समदड़िया सिनेमा न्यू बस स्टैण्ड एवं होटल विष्णु एम्पायर रीवा की तरफ से फ्री मूवी टिकट, बद्रिका इन, द अर्बन ग्रिल स्वयंबर, होटल स्टार, फ्लेवर रेस्ट्रोरेंट, होटल लैण्डमार्क, 56 भोग फैमिली रेस्ट्रोरेंट की तरफ से स्नैक्स कूपन, हरी बेकर्स की तरफ से बाय वन गेट वन केक का फ्री आफर एवं बंधन साड़ी, कानपुर बैग, पलक आप्टिकल्स, रियल टेस्ट फैमिली, जय भोले फर्नीचर, एबीसी सुपर मार्केट, बद्रिका मोटर्स, रीवा मॉ होण्डा, मृगनयनी म0प्र0 शासन, बृजवासी आभूषण, सुखदेव ज्वेलर्स, बहूरानी साड़ी शोरूम, प्राची वस्त्रलोक, गुलाब मेन्स वियर, श्याम साड़ी, निरंकारी लेडीज साड़ी, पंकज रेफ्रिजरेशन, परफेक्ट सेल्स, सास बहू शोरूम, करन गारमेन्ट्स, रामा फैशन की तरफ से स्पेशल डिस्काउण्ट कूपन 10 से 25 प्रतिशत तक आर्कषक आफर उपलब्ध है। विशेष उपहार/डिस्काउंट प्राप्त करने हेतु मतदान दिनांक 26.04.2024 के पश्चात उक्त प्रतिष्ठानों में अपने हाथ की उँगली में लगे अमिट स्याही के निशान को दिखाकर एक सप्ताह तक डिस्काउन्ट प्राप्त कर सकते है तथा लकी कूपन के तहत सिनेमा टिकट ईको पार्क में फ्री प्रवेश तथा फूड जोन में फ्री फूड प्राप्त किया जा सकेगा। निगम कमिश्नर



## कंट्रोल रूम से जिले में चल रही निर्वाचन प्रक्रिया की लगातार की गई मॉनीटरिंग

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र हेतु मतदान आज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के 2014 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से मतदान आरंभ हुआ। मतदान के पहले सभी मतदान केन्द्रों में मॉकपोल कराया गया। मतदान के संबंध में सभी आवश्यक सूचनाएं संकलित करने तथा कानून और व्यवस्था की निगरानी के लिए शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा में विशेष कंट्रोल रूम बनाया गया। कंट्रोल रूम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने निर्वाचन प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे एवं कम्युनिकेशन प्रभारी डीएफओ अनुपम शर्मा उपस्थित रहे।
कंट्रोल रूम में विधानसभावार कम्युनिकेशन दल के अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे। इनके द्वारा प्रत्येक मतदान केन्द्र से आवश्यक सूचनाएं संकलित की गईं। कंट्रोल रूम के साथ ईव्हीएम की मॉनीटरिंग के लिए वेबकास्टिंग सेंटर भी बनाया गया। इसमें जिला प्रबंधक लोकसेवा रविकांत पाण्डेय के नेतृत्व में तैनात दल द्वारा वेबकास्टिंग से 1036 मतदान केन्द्रों में 1422 कैमरों द्वारा मानीटरिंग की गयी। इसी कक्ष में निर्वाचन कार्य में उपयोग किए जा रहे वाहनों की जीपीएस सिस्टम से मॉनीटरिंग की गई।
इंजीनियरिंग कालेज में ही विशेष कंट्रोल रूम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए तैनात दल द्वारा मतदान केन्द्रों से लगातार सूचनाएं प्राप्त की गईं। मतदान केन्द्र की व्यवस्था, मतदान के प्रतिशत तथा अन्य सूचनाएं लगातार संकलित की गईं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले तथा जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस आशीष दुबे द्वारा मतदान प्रक्रिया सहित अन्य जानकारियों एवं सूचनाओं का संकलन कराकर इन्हें निर्धारित समय पर निर्वाचन आयोग तथा वरिष्ठ कार्यालयों को प्रेषित किया गया। सूचनाएं प्रेषित करने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई। इनके माध्यम से विधानसभा चुनाव में मतदान से जुड़ी हर जानकारी समय पर उपलब्ध हुई।

# रीवा लोकसभा क्षेत्र में रात 8.30 बजे तक 49.54 प्रतिशत हुआ मतदान






**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा लोकसभा क्षेत्र में रात 8.30 बजे तक 49.54 प्रतिशत मतदान हुआ। अंतिम आंकड़े आने तक इनमें परिवर्तन हो सकता है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक मतदान रीवा विधानसभा क्षेत्र में हुआ। यहाँ मतदान का प्रतिशत 54.86 रहा। सबसे कम मतदान प्रतिशत 45.75 विधानसभा क्षेत्र देवतालाब में रहा। इसके अलावा विधानसभा क्षेत्र गुढ़ में 50.38 प्रतिशत, मनगवां में 49.11 प्रतिशत, त्योंथर में 45.99 प्रतिशत, सेमरिया में 53.43 प्रतिशत, सिरमौर में 47.13 प्रतिशत तथा मऊगंज में 49.69 प्रतिशत मतदान हुआ। पूरे जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच 2014 मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हुआ। मतदान सामग्री तथा ईव्हीएम लेकर मतदान दल देर रात तक इंजीनियरिंग कालेज पहुंचकर इन्हें जमा कराएंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने इंजीनियरिंग कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से मतदान कार्य की निगरानी की। कलेक्टर ने कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सेमरिया तथा सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, विवेक लाल तथा अन्य पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा बलों के साथ कानून व्यवस्था की निगरानी की। जिले भर में पहली बार मतदान कर रहे युवाओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया। कई मतदान केन्द्रों में 90 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग तथा दिव्यांग मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का उपयोग करके लोकतंत्र के महायज्ञ में अपना योगदान दिया।
रीवा जिले में प्रातः 7 बजे निर्धारित समय पर मतदान आरंभ हुआ। मॉकपोल के बाद मतदान शुरू कराया गया। सुबह मौसम में ठंडक होने के कारण कई मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की कतारें देखने को मिलीं। रीवा में सुबह 9 बजे तक 13.27 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर सभी वर्ग के मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। दिन चढ़ने और तापमान बढ़ने के साथ मतदान थोड़ा धीमा हुआ। सुबह 11 बजे तक जिले में 24.46 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले में धूप के प्रकोप और तापमान के लगभग 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचने के बावजूद दोपहर में मतदान जारी रहा। मतदाताओं की संख्या में कमी अवश्य हुई पर हर मतदान केन्द्र में मतदाताओं के आने का क्रम जारी रहा। रीवा में दोपहर एक बजे तक 31.85 प्रतिशत मतदान हुआ। तापमान के लगातार अधिक रहने के कारण दोपहर में कम मतदाता घर से बाहर निकले। दोपहर 3 बजे तक 37.55 प्रतिशत मतदान हुआ। तापमान के कुछ कम होने के बाद मतदान में तेजी आई। शाम में कई स्थानों पर कुछ देर तक तेज आंधी का प्रकोप रहा। इसके बावजूद मतदान लगातार जारी रहा। शाम 5 बजे तक रीवा में 45.02 प्रतिशत मतदान हो चुका था। कई मतदान केन्द्रों में शाम 6 बजे के बाद भी मतदान जारी रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर मतदाताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## खबर संक्षेप

### शिकायत मिलने पर संस्था के विरूद्ध होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

**अनूपपुर।** 26 अप्रैल निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2019 (आरटीई) के तहत प्रवेशित बच्चों की फीस प्रतिपूर्ति के तहत अभिभावकों से किसी भी प्रकार की फीस नही लिए जाने के संबंध में जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक ने जिले के अशासकीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्राचार्यों को निर्देशित किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि किसी भी अभिभावक से फीस प्रतिपूर्ति के संबंध में अगर कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित संस्था के विरूद्ध एकतरफा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संस्था प्रमुख की होगी।

### प्रतिभा चयन कार्यक्रम का आयोजन अनूपपुर में 1 मई को

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 हेतु वाटर स्पोर्ट्स अकादमी की सेलिंग विधा का प्रतिभा चयन कार्यक्रम 22 अप्रैल 2024 से 23 मई 2024 तक प्रदेष के विभिन्न जिलों में आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत प्रतिभा चयन कार्यक्रम में वाटर स्पोर्ट्स चयन समिति द्वारा जिला खेल परिसर चचाई रोड अनूपपुर में 01 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से प्रातः 11 बजे तक ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में 8 से 12 वर्ष तक के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मोहम्मद इरशाद मंसूरी ने बताया है कि जिले के खिलाड़ी वाटर स्पोर्ट्स सेलिंग हेतु निर्धारित तिथि अनुसार चयन स्थान पर आधारकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मूल/स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की छायाप्रति सहित जिला खेल परिसर चचाई रोड़ अनूपपुर में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रतिभा चयन कार्यक्रम में समिम्लित होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया एवं आवास, भोजन व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

### भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव पर भव्य आयोजन के लिए बैठक आज

**अनूपपुर।** भार्गव भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर भव्य आयोजन के लिए ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर के महामंत्री अनिल तिवारी ने आज जैतहरी रोड स्थित पीआरटी कॉलेज मे सायं 6 बजे से सामूहिक विचार संगोष्ठी मे सभी ब्राह्मण मंच को आमंत्रित किया है जिससे भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव के अवसर पर भव्य कार्यक्रम कर आयोजन सफल बनाया जा सके।

### मांगलिक कार्यक्रम के भोज्य पदार्थों को गड्ढे खोद कर विनष्ट करने अपील

**अनूपपुर।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ. ए.पी. पटेल ने कहा कि वर्तमान समय में शादी-ब्याह एवं मांगलिक कार्यक्रम चल रहे हैं। कार्यक्रम उपरांत काफी मात्रा में अतिरिक्त भोजन बचने से आयोजकों द्वारा तेलयुक्त, चावल आदि भोज्य पदार्थ को खुले में फेंक दिया जाता है, जिसे आवारा एवं लावारिश पशुओं द्वारा खाने से उनमें फूड पॉयजनिंग एवं तीव्र गैस बनने से पशुओं की आसमयिक मृत्यु हो जाती है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक ने शादी-ब्याह एवं मांगलिक कार्यक्रम आयोजकों से अपील की है कि कार्यक्रम समापन पश्चात बचे हुए अतिरिक्त भोज्य पदार्थ को गड्ढे खोदकर विनष्ट करना सुनिश्चित करें तथा पशुपालकों से आग्रह है कि अपने पशुओं को आवारा न छोडें एवं घर में बांध कर रखें, जिससे मूक पशुओं की आसमयिक मृत्यु से बचाव किया जा सके।

### मई-जून में शादी के एक भी मुहूर्त नहीं

**अनूपपुर।** ज्योतिषाचार्य पं. आलोक नारायण द्विवेदी ने बताया कि गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश करते ही सूर्य मलिन हो जाता है, इस कारण सूर्य के बलवान नहीं रहने से मांगलिक कार्यों की स्थिति नहीं बनती है। इस वर्ष 26 अप्रैल के बाद करीब दो महीने विवाह के मुहूर्त भी नहीं हैं। ज्योतिषाचार्य पं. नरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने बताया कि अप्रैल माह मे 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25 और 26 अप्रैल को विवाह के मुहूर्त हैं।

## बिगड़ी हुई तराजू और पुराने बांटों से हो रही नाप-तौल

# मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है ...

### नाप तौल विभाग की सांठ-गांठ से लुट रहे उपभोक्ता, कार्यवाही की दरकार

**अनूपपुर।** नाप तौल विभाग की अनदेखी के कारण जिले में तराजू बाटो में कई तरह की खराबियां बनी रहती है, लेकिन विभाग अनदेखी करते हुए टालमटोली करता है। जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ता है। विभाग निरीक्षकों की कमी का बहाना बनाकर चालाक लोगों को उपभोक्ताओं को ठगने पर छोड़ देता है। विभाग की अनदेखी के कारण चालबाज कुछ लोग अपना उल्लू सीधा करने में लग गए हैं। देखने में आता है कि कई दुकानदार अपनी बिगड़ी हुई तराजू और पुराने बिना सील लगे बांटों से ही काम चलाते रहते हैं। यहां तक कि तराजू की कड़ी चढ़ी रहती है। उसी से नाप तौल करते रहते हैं। नापतौल विभाग के द्वारा कोई चेकिंग अभियान या मुहिम नहीं चलाई जाती है। सिर्फ कागजी खानापूर्ति करते हैं यही वजह है कि कुछ लोग चालाकी के साथ उपभोक्ता को कम सामान तौलकर देकर लगातार मुनाफा कमाते रहते हैं। कभी कभार अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए विभाग यदा कदा ही ठेकेदार के साथ कुछ लोगों के तराजू बाट का निरीक्षण करते हैं। ऐसा कभी कभार ही किया जाता है कुछ माह पूर्व विभाग के कर्मचारी तराजू बांट देखने बाजार में आए थे। वहां पर कुछ तराजू बांट देखे और चलते बने।





#### तराजुओं में करते है कलाकारी

जिला मुख्यालय में कुछ फल और सब्जी वालों की तराजू को देख कर ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनकी तराजू कितनी ठीक है। उनकी तराजू बिना सामान रखे भी झुकी हुई दिखती है। फिर उस पर सामान रखने के बाद भी वह उसी तरह झुकी पाई जाती है। ज्यादा बात करने पर बहस की स्थिति निर्मित हो जाती है। ग्राहक को सही मात्रा वजन मिले यह तय करना नापतौल विभाग की जिम्मेदारी है। नापतौल विभाग का काम है कि वह इस्तेमाल किए जा रहे उपकरणों की नियमित रूप से जांच करें और जो शख्स कम नापतौल रहा है उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्यवाही करें लेकिन विभाग के कथित अधिकारी को सिर्फ अपनी जेब ही से मतलब है।

#### अमानक बाट का उपयोग

नापतौल विभाग की गतिविधियां शायद ही कभी धरातल पर दिखी हो दुकानों की नापतौल से लेकर बाट बखरी की प्रमाणिकता का सत्यापन महज कागजी घोड़े साबित हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इस परिपेक्ष्य में यह कैसे उम्मीद की जा सकती है कि विभाग उपभोक्ताओं के प्रति अपनी जिम्मेदारी अच्छी तरीके निभाता होगा। नगर में स्थित सब्जी मंडी के कुछ दुकानदार वर्तमान में पत्थर के बाट का इस्तेमाल कर रहे हैं इसके अलावा आटा चक्की वाले भी इसी तरह के बाटों उपयोग करते देखे जा सकते हैं लीडरों में भी नापतौल विभाग की सील नहीं दिख रही है। इसी तरह कपड़ा मापने के लिए उपयोग किए जाने वाले मीटरों पर नापतौल विभाग द्वारा किया जाने वाला सत्यापन नजर नहीं आता।

#### यह कहते हैं मापदंड

बाट माप मापने तौलने मापने के यंत्र जैसे लकड़ी डंडी ईट पत्थर के बाट का प्रयोग नहीं होना चाहिए यह अवैधानिक और दंडनीय अपराध है। जानकारी होने पर विभाग को कार्यवाही करनी चाहिए तराजू की भुजा पर निरीक्षक की सील लगी होनी चाहिए इससे उसकी वैधता की पुष्टि होती है। डिब्बा बंद वस्तुओं पर निर्माता पैकर्स और आयातकर्ता का नाम तथा पता होना तथा कस्टमर केयर का नंबर होना अनिवार्य है।

#### अधिकारी का पता नहीं, कमरे से चल रहा कार्यालय

यहां के अधिकारी प्रभारी रूप मे पदस्थ हैं जिस कारण अनूपपुर मे कभी कभार ही उनका आना होता है वही इनके कर्मचारी भी उसी तरह मस्त मौला हैं जो किराये के कमरे मे ही कार्यालय संचालित कर अपने कर्तव्यों से इतिश्री पा लेते हैं। हालांकि उनका कमरा कम कार्यालय भी कभी कभार ही खुलता है क्योंकि जब अधिकारी ही गायब हैं तो कर्मचारी भला रोज क्यों काम करेगा। उनके कर्मचारी भी यदा कदा कमरे मे आकर कार्यालयीन कार्य कर रफूचक्कर हो जाते हैं। जिससे जिले की व्यवस्था बेपटरी हो चली है।

## बोर्ड कक्षाओं में शिशु मंदिर अनूपपुर के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन



**अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हाईकूल ,हायर सेकेंडरी परीक्षाओ एवं राज्य शिक्षा केंद्र मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक परीक्षाओं में सरस्वती अनूपपुर के भैया-बहिनों ने सराहनीय परीक्षा परिणाम दिया है। पांचवी कक्षा में बहिन अन्नू चौधरी, रेशमा पटेल, आयुषी गुप्ता क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहीं। 36 भैया-बहिनो में से 32 भैया-बहिन 85%+ रहे। कक्षा का प्रतिशत 95.8 रहा। इसी प्रकार आठवीं कक्षा मे 42 में से 40 भैया-बहिन (85+) रहे। बहिन शिखा नापित 88% दीपिका तिवारी 87%, आयुषी चौधरी 86%, हेमलता पटेल 85.6% सेजल पाण्डेय 85.4% के साथ क्रमशः प्रथम से पंचम स्थान पर रहे। हाईकूल की कक्षा में बहिन अर्पिता तिवारी 85.8%, कीर्ति वर्मा 82.4%, शेखर नापित 80.8, आँचल पटेल 78.6% जयति सिंह 76.2% के साथ क्रमशः प्रथम से पंचम स्थान पर रहे।हायर सेकेण्डरी की कक्षा में भैया अभिषेक जाटव 81.2%, विशाल यादव 72%, रिद्धि साहू 71.8%, दीपा त्रिपाठी 69.8% वैष्णवी नापित 68%अंक अर्जित कर प्रथम पांच स्थान हासिल किए। इन सभी भैया-बहिनों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर माता-पिता, विद्यालय, नगर को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर विद्यालय, समिति ,आचार्य परिवार सभी उत्तीर्ण हुए भैया-बहिनो के उज्ज्वल भविष्य की कामना किये। विद्यालय के व्यवस्थापक आदर्श दुबे, प्राचार्य सतीशचन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य नित्यानंद श्रीवास्तव व आचार्य परिवार भैया-बहिनो को व्यक्तिगत बात कर बधाई एव शुभकामनाये प्रेषित किये। ज्ञात हो कि सरस्वती शिशु मंदिरों में अध्ययन के साथ-साथ विद्याभारती के लक्ष्य के अनुरूप शारीरिक शिक्षा, योग शिक्षा, संस्कृत शिक्षा, संगीत शिक्षा, नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा का समावेश करते हुए भैया-बहिनो को राष्ट्रप्रेम, प्रकृति प्रेम, प्रकृति दर्शन व स्वावलंबन की शिक्षा प्रदान की जाती है।

## मौसम के तीखे तेवरों से आसमान में छाए बादलों ने दी कुछ राहत

**अनूपपुर/कोतमा।** मौसम के तीखे तेवरों से घर में दुबककर बैठे लोगों को आसमान में छाए बादलों ने कुछ राहत दी है। जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों पर धूल भरी आंधियों के साथ तापमान में गिरावट से मौसम में थोड़ी ठंडक आ गई है। दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने लोगों को गर्मी से राहत तो दी लेकिन धूल भरी आंधी और तेज हवाओं ने उथल-पुथल मचा दी। जिले में दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला और आसमान में बादल छा गए। मौसम बदलने से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली लेकिन धूल भरी तेज हवा चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया। गौरतलब है कि शुक्रवार दोपहर अचानक से मौसम में आया बदलाव और घने बादल छा गए। दोपहर बाद चली तेज हवाओं से आसमान में धूल के गुबार उड़ते नजर आए। बादल और हवा के कारण चिलचिलाती धूप का असर तो कम हो गया लेकिन धूल भरी आंधी ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया वहीं रुक-रुक कर रिमझिम बारिश भी होती रही। आसमान में बिजली की गड़गड़ाहट भी हो रही थी और तेज बिजली चमक रही थी। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक साइक्लोनिक सकुर्लेशन के प्रभाव से मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में एक ट्रफ लाइन गुजर रही है। इसके प्रभाव से मध्यप्रदेश के कई जिलों में भी मौसम बदल सकता है। कई जिलों में दोपहर बाद आंधी चलने के साथ कई जगह हल्की बारिश की भी चेतावनी दी गई है।



## कलेक्टर ने एसडीएम पुष्पराजगढ़ के नेतृत्व गठित की तीन सदस्यीय टीम

### वन विभाग ने आश्रम की मूर्ति को किया खंडित, साधु संतों ने विरोध में सौंपा ज्ञापन

**अनूपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा की पुरानी मूर्ति को तोड़ने व मॉ नर्मदा की मूर्ती खंडित किये जाने को लेकर साधु संतों ने नाराजगी जाहिर करते हुए साधु-संतों ने गुरूवार की शाम मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मां नर्मदा की पुरानी मूर्ति तोड़ने वाले अधिकारी वीरेंद्र कुमार पटेल (आईएफएस) रेंजर अमरकंटक पर मामला दर्ज करने की मांग की वहीं ज्ञापन सौंपने के बाद संतों ने बताया कि कलेक्टर द्वारा उचित कार्यवाई का अश्वाहसन दिया गया। ज्ञापन में लगभग 10 अश्रामों प्रमुखों के हस्ताक्षर रहे हैं। ज्ञापन में बताया कि मुख्यमंत्री हिंदू धार्मिक स्थल रुद्र गंगा स्थित मंदिर व मंदिर में स्थापित प्राचीन मां नर्मदा की काले पत्थर मूर्ति एवं समाधि मंदिर आश्रम आदि सभी को चोरी छिपे तरीके से रात्रि कालीन गस्त में वन विभाग के अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया गया है। जिससे क्षेत्र के सभी साधु संत एवं आम नागरिकों को उनके पूजा पाठ एवं धार्मिक भावनाओं को भारी आघात हुई है। वीरेंद्र कुमार पटेल रेंजर अमरकंटक के हिंदू विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने से साधु संतों व क्षेत्र के सनातन धर्म को मानने वाले लोग काफी आक्रोशित हैं। मंदिर को ध्वस्त करने के साथ-साथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठित मां नर्मदा के प्राचीन काले पत्थर की मूर्ति को खंडित करने एवं उनके सोने चांदी के





आभूषण, दान पेटी, मंदिर में लगे सोलर पैनल बैटरी आदि सामग्री को भी अपने साथ ले गए हैं। उन्होंने मांग की है कि पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित धार्मिक स्थल रुद्र गंगा नदी की उद्गम स्थल स्थित हिंदू आस्था का केंद्र को हिंदू विरोधी मानसिकता से खंडित कार्य करने और कराने वाले सभी आरोपियों के विरुद्ध अभिलंब कार्यवाही 7 दिवस के भीतर किए जाए। जिससे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो पाए। कार्यवाही न होने पर जन आन्दोलन के लिए हम बाध्य होंगे। साधु-संतों ने पुलिस अधीक्षक जितेंन्द्र सिंह पवॉर से भी मिलकर शिकायत बताई। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने जांच टीम की जांच के बाद कार्यवाई की बात कहीं। कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने बताया कि साधु संतों के अनुसार जंगल में कुटिया बनाई थी जिसे वन विभाग ने सुबह के 4 बजे इसे गिराया हैं। जिस पर एसडीएम पुष्पराजगढ़ के नेतृत्व में टीम बनाई गई हैं जिसमे एसडीओपी और मुख्य नगरपालिका अधिकारी अमरकंटक को शामिल किया गया हैं। इसके साथ ही वन अधिकारियों को पत्र लिख कर जांच टीम बनाने का अग्रह किया गया हैं कि वनविभाग की एक जांच टीम बना कर शिकायत की वास्वि कता की जांच कराई जा सके।

### नव ज्योति मिशन स्कूल छात्रों विद्यालय का नाम किया रोशन

**बिजुरी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं व 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है, अनूपपुर जिले के नव ज्योति मिशन स्कूल बिजुरी में अध्ययनरत कक्षा 12वीं गणित संकाय के छात्र मोहम्मद आकिल खान पिता मोहम्मद आदिल खान माता शबाना खान 76% अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र मोहम्मद आकिल खान जिनके माता-पिता दोनों सीएलके शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी में शिक्षक है, वहीं नव ज्योति मिशन स्कूल बिजुरी के कक्षा दसवीं में अध्यनरत छात्र आयुष कुमार चौहान पिता राजू चौहान 81.8 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र मोहम्मद आकिल खान व आयुष कुमार चौहान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व विद्यालय के शिक्षकों को दिया है, विद्यालय परिवार व उनके मित्रों द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### 28 व 29 अप्रैल को संपन्न होगी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक

**अनूपपुर।** राष्ट्रीय कार्यसमिति में शामिल होने बिलासपुर जोन के अध्यक्ष व एनएफआईआर के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष तपन चटर्जी के नेतृत्व में 11 सदस्य मुंबई रवाना हुए, इस बैठक में बिलासपुर जोन से एनएफआईआर के राष्ट्रीय सदस्य बी कृष्ण कुमार, डी के स्वाइन, लक्ष्मण राव, डी विजय कुमार रायपुर, भीमराव बोदलकर रायपुर रवाना हुए। बैठक की जानकारी देते हुए मुख्य प्रवक्ता रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर लक्ष्मण राव ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक भारतीय कार्यरत रेल कर्मचारियों पुरानी लागू करने की मांग रखी गई, न्यू पेंशन स्कीम को तत्काल बर्खास्त करने का प्रस्ताव रखा जाएगा, रेलवे निजीकरण को तत्काल रोकने प्रस्ताव पर चर्चा होगी, ट्रैक मेंटेनर व ट्राफिक अस्टिेंट पोर्टर को 4200 जी पी देने की मांग पर चर्चा, रनिंग स्टाफ के लिए 4600 ग्रेट पे लेवल 07 देने की मांग पर चर्चा एवं सभी रेल कर्मचारियों के लिए रिस्क एवं हार्टशीट एलाउंस, नाइट एलाउंस 4800 ग्रेट पे देने मांग पर चर्चा व अन्य मुद्दों बैठक में विस्तार से चर्चा होगी।

## प्रेरणा मिश्रा एवं आरुषि शिवहरे ने 92% अंक अर्जित कर नाम किया रोशन

### दोनो बेटियों की कामयाबी पर मिली ढेरों बधाई

**अनूपपुर।** हाल ही में माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी, एवं हाईस्कूल के घोषित किये गए परीक्षा परिणाम में अनूपपुर नगर के बरिष्ठ समाजसेवी संजय मिश्रा की भतीजी प्रेरणा मिश्रा पिता पंकज मिश्रा, माता सरिता मिश्रा ने मध्यप्रदेश 12वीं बोर्ड परीक्षा में 92% अंक अर्जित करते हुए घर परिवार और समाज का नाम रोशन किया है। बेहतर परिणाम को लेकर जब छात्रा प्रेरणा मिश्रा से बातचीत की गई तो उन्होंने उपरोक्त परिणाम का श्रेय अपने बड़े पिता संजय मिश्रा के साथ मम्मी, पापा एवं स्कूल प्रबंधन के लिए दिया। इसी तरह अनूपपुर जिले से जैतहरी नगर के वरिष्ठ किराना व्यवसायी की सुपुत्री आरुषि शिवहरे पिता पुनीत शिवहरे, माता राखी शिवहरे ने 500 में 451 अंक अर्जित कर जैतहरी नगर सहित जिले भर का नाम रोशन किया। छात्रा प्रेरणा एवं आयुषी की कामयाबी को लेकर मध्यप्रदेश शासन के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला, कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, कमिश्नर संभाग शहडोल बीएस जामोद, कलेक्टर आशीष वशिष्ठ, एडीजीपी, डी.सी सागर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पंवार सहित जिले भर से विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी एवं रिश्तेदारों ने दोनो छात्राओं की कामयाबी पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

